an>

Title: Need to provide information about missing constable Shri Rajendra Singh from Garhwal Rifles.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे शून्य काल में बहुत ही अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय को उठाने का मौका दिया ।

मान्यवर, श्री राजेन्द्र सिंह, हवलदार, गढ़वाल राइफल्स में नियुक्त है तथा मूलत: उत्तराखंड के देहरादून जिला के अंबीवाला सैनिक कालोनी में उनका परिवार निवास करता है । राजेन्द्र सिंह जी 8 जनवरी से कश्मीर के गुलमर्ग नामक स्थान से गायब है, उनका अभी तक पता नहीं चल पाया है कि वह कहाँ है? यह भी आशंका दर्शाई जा रही है कि वह फिसल कर पाकिस्तान की सीमा में चले गए हैं । ऐसे में उनका परिवार बहुत ही दु:खी है । उत्तराखंड एक सैनिक बहुल क्षेत्र है । कई संगठनों और सैनिक संगठनों ने भी इसमें चिंता जताई है और आंदोलित भी है । मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि किसी भी तरह से जल्दी से जल्दी उनके बारे में समाचार उनके परिवार और उत्तराखंड को दिया जाए ।

माननीय अध्यक्ष :

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री अजय भट्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।